भा कृ अनु प – सी एम एफ आर आइ में कृषि, पशु पालन एवं खाद्य प्रसंस्करण पर संसदीय स्थायी समिति का दौरा

भा कृ अनु प- केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सी एम एफ आर आइ) कोच्ची में कृषि, पशु पालन एवं खाद्य प्रसंस्करण की स्थायी समिति के प्रतिनिधि मंडल ने दिनांक 28 जून, 2023 को दौरा किया। पी.सी.गद्दीगौडर, कर्नाटक के बगलकोट के लोक सभा सदस्य की अध्यक्षता में, प्रतिनिधि मंडल ने संस्थान की प्रयोगशालाओं सहित विविध अनुसंधान सुविधाओं का दौरा किया और समुद्री मात्स्यिकी और संबंद्ध क्षेत्रों में सी एम एफ आर आइ के अनुसंधान कार्यक्रमों को निर्धारित करने के लिए वैज्ञानिकों के

निदेशक, सी एम एफ आर आइ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समिति गण का स्वागत करते हुए

साथ विचार- विमर्श किया। समिति में लोक सभा के छह सदस्य हैं जिनमें उत्तम चंद भारद्वाज, सचिव सहित अन्य कार्मिक भी शामिल हैं। इस अवसर पर, डॉ. शुभदीप घोष, सहायक महा निदेशक (समुद्री मात्स्यिकी), भा कृ अनु प भी उपस्थित थे। समिति के समक्ष भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ के अनुसंधान कार्यों जो कि समुद्री प्रग्रहण मात्स्यिकी, समुद्री संवर्धन गतिविधियाँ जैसे कि पिंजरा मछली पालन, समुद्री शैवाल कृषि, एकीकृत बहु – पौष्टिक जलजीव पालन, वाणिज्यिक प्रमुख समुद्री मछलियों के प्रजनन के लिए प्रौद्योगिकी विकास, समुद्री जैव विविधता एवं पर्यावरण प्रबंधन, मत्स्य आनुवंशिकी एवं समुद्री जैव प्रौद्योगिकी, समाज - आर्थिक पहलुओं एवं विस्तार गतिविधियाँ आदि के बारे में जानकारी दी गयी।

डॉ. ए. गोपालकृष्णन, निदेशक, भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ और विविध प्रभागों के अध्यक्षों के साथ समुद्री मात्स्यिकी के टिकाऊपन को बनाए रखने के लिए संस्थान द्वारा उठाए जा रहे प्रयासों पर बल देते हुए भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की गयी। भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ के अनुसंधान एवं भारत के समुद्री मात्स्यिकी क्षेत्र के विकास में दिए जा रहे योगदानों से समिति ने संतुष्टि प्रकट की। उनके अनुसार खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने और टिकाऊ मात्स्यिकी को प्रोत्साहित करने में संस्थान की मुख्य भूमिका है। समिति अध्यक्ष के अतिरिक्त डॉ. अनिल सुखदेवराव बोंडे, श्री मस्थान राव बीड़ा, श्री राम नाथ ठाकुर, श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले' और श्रीमती रामिलाबेन बेचार भाई बारा भी शामिल थे।

स्थापना दिवस

भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ का 76 वां स्थापना दिवस दिनांक 03 फरवरी, 2023 को संस्थान मुख्यालय तथा क्षेत्रीय केंद्रों / स्टेशनों में मनाया गया। इस दौरान मुख्यालय, कोचीन और मंडपम, विशाखपट्टणम, वेरावल, मुंबई, कारवार, मांगलूर, कालिकट, विषिंजम, चेन्नई, टूटिकोरिन और दिघा में स्थित क्षेत्रीय केंद्र / स्टेशन तथा कृषि विज्ञान केंद्र (एरणाकुलम) छात्रों और सार्वजनिक लोगों के लिए खुले रहे। खुला सदन कार्यक्रम से संस्थान के अनुसंधान कार्यों के बारे में जानने और वैज्ञानिकों के साथ आपसी चर्चा के लिए आगंतुकों ने बड़ी उत्सुकता दिखायी।

स्थापाना दिवस 2023 के दृश्य